दिनांक-14फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

एक ही दिन में 3 स्थलों पर अवैध प्लाटिंग एवं मार्ग संरचना को लेकर निगम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड नं. 16 प्रगति नगर कुरूद एवं वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड दलीप परिसर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर आज कार्यवाही की गई। जोन क्रमांक 02 क्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर अनाधिकृत रूप से सीमेंट का घेरा, मुरूम से बनाए गए मार्ग संरचना एवं चूना लाइन को जेसीबी से हटाया गया। मौके से 08 ट्रिप मुरूम जप्त किया गया! आज की कार्यवाही में वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड दलीप परिसर के बाजू रंगोली साड़ी सेंटर के पीछे सतीश गुप्ता द्वारा बाउंड्री वाल तथा मार्ग संरचना के लिए मौके पर लगभग 10 डंपर मुरूम पाया गया नगर निगम के अमले द्वारा बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर चार ट्रिप मुरूम की जब्ती करते हुए मार्ग संरचना को हटाया गया! वार्ड क्रमांक 16 कुरूद प्रगति नगर, नकटा तालाब, ढांचा भवन साईं मंदिर के पास लगभग 12 एकड़ की अवैध रूप से प्लाटिंग की जानकारी प्राप्त होने पर अवैध निर्माण पर कार्यवाही करते हुए सामग्री रखने के लिए बनाए गए स्टोर को हटाने के साथ ही मार्ग संरचना एवं सीमेंट पोल को ध्वस्त किया गया! निगम भिलाई द्वारा अवैध निर्माणकर्ता, अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसके पूर्व भी कुरूद क्षेत्र और शांतिनगर में इंदू आईटी स्कूल के पीछे , बाबादीपसिंह नगर तथा आर्यनगर कोहका में इसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग व शासकीय जमीन पर निर्माण करने वालों पर कार्यवाही की गई थी।

जनसम्पर्क अधिकारी